प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

08.04.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

मुद्रा योजना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सरकार ऐसी गतिशील व्यवस्था बनाने पर ध्यान देना जारी रखेगी, जहां प्रत्येक आकांक्षी उद्यमी को ऋण सुविधा उपलब्ध हो और वह विश्वास के साथ आगे बढ़ सके। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना की दसवीं वर्षगांठ के अवसर पर सोशल मीडिया पोस्ट पर प्रधानमंत्री ने कहा कि इस योजना ने अनेक लोगों के सपनों को साकार किया है। उन्होंने इस योजना को उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिए मौन क्रांति बताया। इससे पहले प्रधानमंत्री ने आज इस योजना के लाभार्थियों के साथ अपने निवास पर बातचीत भी की। उन्होंने कहा कि मुद्रा योजना ने असंख्य लोगों को अपने उद्यमिता कौशल दिखाने के अवसर उपलब्ध कराए हैं। प्रधानमंत्री ने बताया कि मुद्रा योजना के आधे लाभार्थी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति और ओबीसी समुदायों से आते हैं और इसमें 70 प्रतिशत से अधिक लाभार्थी महिलाएं हैं।

धनीराम शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा है कि प्रदेश सरकार दृष्टिहीन संघ की मांगों को लेकर गंभीर है और कई बार इसको लेकर बैठकें भी हुई हैं। शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि दृष्टिहीन संघ की मांगे जायज हैं लेकिन एक दिन में सभी मांगे पूरा करना सम्भव नहीं है। शांडिल ने कहा कि चरणबद्ध तरीके से दृष्टिबाधितों को नौकरियां दी जा रही हैं और अन्य मांगों को लेकर भी सरकार मंथन कर रही है।

इस बीच दृष्टिहीन संघ पिछले डेढ़ वर्ष से अधिक समय से शिमला में धरने पर बैठा है और बैकलॉग भर्तियों के साथ उनकी सामाजिक सुरक्षा पेंशन में बढौतरी की मांग कर रहा है।

पोषण पखवाड़ा

महिला और बाल विकास मंत्रालय के तहत आज से देश में पोषण पखवाड़े का 7वां संस्करण आरंभ हो गया है। इस वर्ष के पोषण पखवाड़ा का फोकस चार मुख्य विषयों पर है, जिनमें जीवन के पहले एक हजार दिनों के दौरान देखभाल, पोषण ट्रैकर के लाभार्थी मॉड्यूल का प्रचार–प्रसार, कुपोषण का प्रभावी प्रबंधन और बच्चों में मोटापे को दूर करने के लिए स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना शामिल है। इस अभियान के दौरान प्रदेश में भी 22 अप्रैल तक पोषण जागरूकता से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। शिमला में आज पोषण पखवाड़े के शुभारम्भ अवसर पर उपायुक्त अनुपम कश्यप

ने बताया कि इस वर्ष पोषण अभियान को जन आंदोलन का रूप देकर शिमला जिला के हर घर—हर गांव तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पोषण अभियान का उद्देश्य एक स्वस्थ, सशक्त व साक्षर भारत का निर्माण करना है। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी ममता पॉल ने बताया कि पोषण पखवाड़े के दौरान 22 अप्रैल तक जिले के सभी 2 हजार एक सौ 54 आंगनवाड़ी केन्द्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

श्रीकांत शर्मा

प्रदेश भाजपा प्रभारी श्रीकांत शर्मा ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी विचारों के आधार पर चलने वाली पार्टी है। उन्होंने आज धर्मशाला में पार्टी के सक्रिय सदस्यता अभियान में भाग लिया। श्रीकांत शर्मा ने कहा कि करोड़ों कार्यकर्ताओं के योगदान से भाजपा विचारों के आधार पर बड़े पैमाने पर अनुसरण की जाने वाली पार्टी बनी है। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में साढ़े 13 करोड़ से अधिक लोग भाजपा से जुड़े हैं और 10 लाख से अधिक पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता हैं जबकि 6 लाख बूथों पर बूथ अध्यक्ष बनाए गए हैं।

———————————————